दिनांक 19.06.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

दिव्यांग हितग्राही तीर्थ यात्रा में जाने के लिए 5 जुलाई तक कर सकते हैं निगम मुख्यालय में आवेदन

भिलाईनगर/ छत्तीसगढ़ शासन के जनकल्याणकारी योजना तीरथ बरत के अंतर्गत आगामी 30 जुलाई को नगर पालिक निगम , भिलाई क्षेत्र के दिव्यांग हितग्राहियों के लिए तीर्थयात्रा प्रयाग , कांशी, विश्वनाथ, हनुमान मंदिर हेतु निगम मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक 09 में 05 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। योजना के प्रभारी अधिकारी शरद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पंचायत विभाग दुर्ग के प्राप्त पत्र क्रमांक 1857 के अनुसार दिव्यांग हितग्राहियों के लिए शासन द्वारा तीरथ बरत योजनान्तर्गत प्रयाग , कांशी, विश्वनाथ, हनुमान मंदिर 30 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी जिसके लिए दिव्यांग इच्छुक हितग्राही तीर्थ यात्रा करना चाहते हैं वह नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सुपेला के असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल योजना एवं मुख्यमंत्री तीरथ बरत योजना के कक्ष क्रमांक 09 से आवेदन प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। हितग्राहियों को आवेदन के साथ आधार कार्ड , पासपोर्ट साइज फोटो , पता का प्रमाण , दिव्यांगता प्रमाण-पत्र आदि अंतिम तिथि 05 जुलाई तक जमा करना अनिवार्य है।

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है, जल ही जीवन है